Dainik Athah

Date: 18/02/2021

आईटीएस डेंटल कॉलेज में

दंत चिकित्सकों को प्रशिक्षित करने के लिए डेमन कोर्स शुरू

शिक्षा

- इलाज मे उपयोग किये जाने वाले मेकेनोथेरेपी का प्रदर्शन कर उसका विस्तृत विवरण दिया

अथाह संवाददाता

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर में ऑथोडीन्टिक्स एण्ड डेंटोफेशियल ऑथोपेंडिक्स विभाग के द्वारा छात्रों एवं दंत चिकित्सकों को प्रशिक्षित करने के लिए डेमन कोर्स के पहले मॉड्यूल का आयोजन किया गया। आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डा. आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के दिशा निर्देश के तहत संस्थान के बीडीएस, एमडीएस और दंत चिकित्सकों को निरंतर दंत चिकित्सा के क्षेत्र मे बेहतर सुविधाओं के साथ नवीनतम तकनीक को सीखने का अवसर प्रदान करते रहते है। जिसके लिए निरंतर शिक्षा के क्षेत्र मे वेबिनार, कार्यशालाएं, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं के साथ ज्ञानवर्धक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किये जाते रहते है। डेमन सिस्टम दुनिया भर में ऑथोडॉन्टिक्स के क्षेत्र में एक नवीनतम तकनीक है। वक्ता डा. सीएस रामचंद्र के द्वारा इस मॉड्यूल को संबोधित किया गया। वर्तमान में डा. सीएस रामचन्द्र एईसीएस मारूति डेंटल कॉलेज, बैंगलोर के प्रधानाचार्य तथा ऑथोडॉन्टिक्स विभाग के एचओडी है। उन्होंने गर्वनमेंट डेंटल कॉलेज बैंगलोर से ऑथोडॉन्टिक्स में अपना मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी किया है। उन्हें इस क्षेत्र में 30 वर्षो का अनुभव प्राप्त है। वर्ष 2012 से उन्होंने डेमन सिस्टम मे गहरी रूचि विकसित की और पिछले सात वर्षो मे उन्होंने पांच सौ से अधिक लोगों का ईलाज भी किया है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पुस्तक एटलस डेमन सिस्टम द इंडियन एक्सपीरियंसश भी लिखी है। वे भारतीय बोर्ड ऑफ ऑथोडॉन्टिक्स के सदस्य भी है।

कार्यशला की शुरूआत डा. सीएस रामचंद्र के व्याख्यान से हुई जिसमें उन्होंने डेमन सिस्टम के बारे में विस्तृत जानकारी छात्रों को दी। उन्होंने सबसे जटिल विषयों को सरल बनाया जिससे सभी छात्रों को इस नई तकनीक को समझने मे कोई कठिनाई नही हुई, जहां प्रत्येक छात्र को इसकी उपयोगिता को सीखने का बेहतर तथा आसान अनुभव प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन तथा उनके अनुभव को बढ़ाना और उनमें सकारात्मक उर्जा प्रदान करना था। डा. रामचंद्र ने एमडीएस तथा दंत चिकित्सकों के लिए इस जानकारीपूर्ण और ज्ञानवर्धक मंच के आयोजन के लिए आईटीएस ग्रुप के चेयरमैन डा. आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम के लिये सभी प्रतिभागीयों ने आईटीएस ग्रुप के चेयरमैन डा. आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

लाइव वीडियो के प्रदर्शन से छात्रों को डेमन सिस्टम समझाया गया

कार्यक्रम में इससे संबंधित लेक्चर, केस चर्चाओं और लाइव वीडियो के प्रदर्शन की मदद से डेमन सिस्टम समझाया गया। इसके बाद डेमन सिस्टम का उपयोग करते हुए वक्ता द्वारा इलाज मे उपयोग किये जाने वाले मेकेनोथेरेपी का प्रदर्शन और उसका विस्तृत विवरण दिया गया।